Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to conduct CBI inquiry against crude oil thiefs in Barmar Parliamentary Constituency in Rajasthan..

कर्नल सोनाराम चौधरी (बाड़मेर) : अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको बहुत बहुत धन्यवाद देता हूँ।

मेरे निर्वाचन क्षेत्र बाड़मेर में आइल निकलता है और हिन्दुस्तान का 30 प्रतिशत निकलता है जहाँ पाँच सालों से चोरी हो रही है। इसके लिए मैंने कहा और मैं धर्मेन्द्र प्रधान जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इनक्वायरी कराई और वहाँ लोग पकड़े गए। परंतु आज जो इनक्वायरी चल रही है, उसमें *कैर्न* के बड़े अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है और ट्रांसपोर्टर्स के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। यहाँ तक कि पुलिस मिली हुई है। वहाँ एस.ओ.जी. भेजा है लेकिन एस.ओ.जी. वहाँ *कैर्न* के मेहमान बने हुए हैं। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि इसकी पूरी इनक्वायरी होनी चाहिए। जैसे ...(व्यवधान) *

माननीय अध्यक्ष : नाम नहीं लेने हैं।

कर्नल सोनाराम चौधरी : क्रूड आइल राष्ट्रीय संपदा है। अभी प्रधान मंत्री जी यहाँ नहीं हैं। मैं उनसे निवेदन करूँगा कि इसमें उनका इंटरवैंशन होना चाहिए और मैं वहाँ सीबीआई की इनक्वायरी की मांग करता हूँ।

माननीय अध्यक्ष : डॉ. मनोज राजोरिया एवं कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को कर्नल सोनाराम चौधरी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।